**Girls' High School, & College,Prayagraj**

**Worksheet No. - 4**

**Session- 2020-2021**

**Class-6 ( A, B, C, D, E, F)**

**Subject - Hindi Language**

**निर्देश -** अभिभावकों से अनुरोध है कि वह नीचे दिए गए अभ्यास कार्य को व्याकरण की किसी भी पुस्तक से पूरा करने में छात्राओं की सहायता करें।

**व्यंजन** - वे वर्ण जिन का उच्चारण करते समय फेफड़ों से निकलने वाली हवा मुख में रुककर बाहर आती है, उन्हें 'व्यंजन ' कहते हैं।

**व्यंजनों के प्रकार**

व्यंजन के निम्नलिखित तीन भेद होते हैं -

1- स्पर्श व्यंजन

2- अंतःस्थ व्यंजन

3- ऊष्म व्यंजन

(क) स्पर्श व्यंजन - वे व्यंजन जिन का उच्चारण करते समय वायु कंठ, दाँत, मूर्धा, तालु अथवा ओठों का स्पर्श करके मुख से बाहर आती है उसे 'स्पर्श व्यंजन' कहते हैं।

कवर्ग , चवर्ग , टवर्ग , तवर्ग , और पवर्ग - ये सभी स्पर्श व्यंजन है। स्पर्श व्यंजन नीचे दिए गए हैं-

**उच्चारण स्थान**

क् ख् ग् घ् ङ् = कंठ

च् छ् ज् झ् ञ् = तालु

ट् ठ् ड् ढ् ण् = मूर्धा

त् थ् द् ध् न् = दाँत

प् फ् ब् भ् म् = ओंठ

**(ख) अंतःस्थ व्यंजन**- इन व्यंजनों का उच्चारण अधिकतर स्वरों और व्यंजनों के मध्य होता है। अंतःस्थ व्यंजनों की संख्या चार होती हैं-

य् र् ल् व्

**(ग) ऊष्म व्यंजन**- इन व्यंजनों का उच्चारण करते समय वायु मुख से टकराकर गरमी उत्पन्न करती है। ऊष्म व्यंजनों की संख्या चार है-

श् स् ह् ष्

**संयुक्त व्यंजन**- जो व्यंजन भिन्न-भिन्न वर्णों के योग से बनते हैं, उन्हें 'संयुक्त व्यंजन' कहते हैं। जैसे–

क् + ष् = क्ष

त् + र् = त्र

श् + र् = श्र

ज् + ञ् = ज्ञ

**उच्चारण के आधार पर व्यंजनों के भेद**

**क) अल्पप्राण**- जिन वर्णों का उच्चारण करते समय मुख से श्वास-वायु कम और कमज़ोर होकर बाहर आती हैं , उन्हें 'अल्पप्राण व्यंजन' कहते हैं। यह निम्नलिखित हैं–

क् , ग् , ङ् , च् , ज् ञ् ट् ड् ण् त् द् न् प् ब् म् तथा य् र् ल् व्।

**(ख) महाप्राण** —जिन वर्णों का उच्चारण करते समय मुख से श्वास- वायु अधिक मात्रा में और अधिक गति से निकलती है, उन्हें 'महाप्राण व्यंजन' कहते हैं। यह निम्नलिखित हैं–

ख् घ् छ् झ् ठ् ढ् थ् ध् म् तथा श् ष् स् ह्।

**प्रश्न - 1 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए –**

(क) व्यंजन किसे कहते हैं ?

(ख) व्यंजन कितने प्रकार के होते हैं ? नाम लिखिए।

(ग ) उच्चारण के आधार पर व्यंजनों के कितने भेद होते हैं ? उनके नाम लिखिए।

(घ) स्पर्श व्यंजन और ऊष्म व्यंजन में अंतर स्पष्ट कीजिए।

(ङ) अल्पप्राण और महाप्राण व्यंजन लिखिए।

(च) संयुक्त व्यंजन किसे कहते हैं?

**प्रश्न - 2 निम्नलिखित व्यंजनों में से स्पर्श, अंतःस्थ, और ऊष्म व्यंजन अलग कीजिए–**

क् , त् , ल् , ग् , फ् , ह् , र् , श् , ज् , थ्

**स्पर्श** :

**अंतःस्थ** :

**ऊष्म** :

**प्रश्न 3- निम्नलिखित वर्णों में से अल्पप्राण तथा महाप्राण को अलग- अलग करके लिखिए–**

ष्,स्, ह्, च्, ज्,ञ्,ठ्, ढ्, थ्, ध्, ष्,ड्, ण्, त्,द्,न्, प्,ब्,म्, य्, र्,ल्, व्,ञ्,घ्, छ्, झ्, भ्, श्, क्, ग् तथा ङ् ।

**अल्पप्राण :**

**महाप्राण :**

**प्रश्न-4 निम्नलिखित शब्दों के दो दो पर्यायवाची शब्द लिखिए —**

1- अतिथि

2 - कपड़ा

3 -कमल

4 - हाथी

5 - समुद्र

**प्रश्न -5 निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए–**

1- घृणा

2- अनुराग

3- जंगली

4- तीव्र

5 -उपेक्षा

**प्रश्न - 6 निम्नलिखित अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए-**

1 -जो ऊपर कहा गया हो

2 - जो सभी को एक समान देखे

3 - धर्म से संबंध रखने वाला

**प्रश्न 7- निम्नलिखित अनेकार्थी शब्दों के दो - दो अर्थ लिखिए —**

**1-** अर्थ

2- अक्षर

**प्रश्न 8- निम्नलिखित श्रुतिसम (समरूपी) भिन्नार्थक शब्दों के अर्थ लिखिए-**

1-उपकार

अपकार

2- देव

दैव

3- दमन

दामन

**प्रश्न 9- निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए –**

1- अक्ल का दुश्मन

2- अपना उल्लू सीधा करना

3- आँखें दिखाना

**प्रश्न 10- अपने मित्र को जन्मदिन पर बधाई पत्र लिखिए–**

**प्रश्न 11 - निम्नलिखित विषय पर लगभग 200 शब्दों में निबंध लिखिए–**

1 - दीपावली

**END**